भोपाल, सीहोर इंदौर, छिंदवाड़ा ग्वालियर, मुरैना से एकसाथ प्रकाशित

दैनिक
जनता की बुलंद आवाज
# सचएक्सप्रेस
सत्यम् सदैव सुन्दरम्...

वर्ष-13 || अंक- 219 || पृष्ठ-8 || शुल्क- 2 रुपए || भोपाल || शनिवार 21 दिसंबर || 2024

www.dainiksachexpress.com, sachexpress.page


पेज 2 आधी रात में गरीबों के मसीहा बने कलेक्टर


पेज 4 गायत्री महायज्ञ की तैयारियों को लेकर बैठक


पेज 5 अंबेडकर की आड़ में वोट बैंक की कवायद


पेज 6 कौशल विकास और गांधी दर्शन पर कार्यक्रम


पेज 7 मप्र के खिलाड़ियों ने जीते 3 पदक

**सराफा बाजार का आज का भाव**

21/12/2024 शनिवार 01:20PM
डालर $ 84.99
GOLD LIVE - 76370
हालमार्क ज्वैलरी रेट
24 KT-78350 ब्रेड
23 KT-75100
22 KT-72100
20 KT-65900
18 KT-59600
14 KT-45800
Silver Live - 88450
चांदी हाजिर 999-89100

MG ज्वेलर्स (उज्जैन वाले)
सर्वधर्म कोलार रोड, भोपाल
Condition Apply

# रूस के कजान में 9/11 जैसा अटैक

## तीन हाई राइज बिल्डिंग से टकराए 8 किलर ड्रोन

मास्को || एजेंसी

यूक्रेन ने रूस के तातारस्तान की राजधानी कजान में दो इमारत पर ड्रोन अटैक किया गया है। घटना के तुरंत बाद प्रभावित रिहायशी बिल्डिंग से लोगों को निकालने का काम शुरू हो गया। अभी तक नुकसान की कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। इस हमले का एक वीडियो भी सामने आया है। जिसमें एक ड्रोन इमारत से टकराते हुए नजर आ रहा है। यह हमला राजधानी मॉस्को से 720 किलोमीटर दूर कजान में इमारतों को निशाना बना कर किया गया है। यूक्रेनी ड्रोन हमले के बाद रूस के कजान एयरपोर्ट पर एयर ट्रैफिक रोक दिया गया है। वहीं रूसी न्यूज एजेंसी तास ने 8 ड्रोन हमले का दावा किया है।

ये अटैक कजान शहर की तीन हाई राइज इमारतों में किया गया है। इस हमले के चलते भारी नुकसान की जानकारी सामने आ रही है। घटनास्थल की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किए जा रहे हैं। इन वीडियो में साफतौर पर दिखाई दे रहा है कि अलग-अलग यूएवी हवा में आते हैं और सीधे रूस के कजान शहर की हाई राइज बिल्डिंग में जाकर टकरा जाते हैं।इस हमले पर रूस के रक्षा मंत्रालय की प्रतिक्रिया भी आ गई है। रूसी रक्षा मंत्रालय ने दावा किया है कि रूस के एयर डिफेंस सिस्टम ने कजान शहर के ऊपर एक यूक्रेनी ड्रोन को नष्ट किया है। वहीं, कजान के मेयर ऑफिस से रूसी मीडिया एजेंसी स्पुतनिक को बताया गया है कि ड्रोन हमले के कारण तीन जिलों, सोवेत्स्की, किरोव्स्की और प्रिवोलज्स्की में घरों में आग लग गई है। रूस ने इस हमले का आरोप सीधे यूक्रेन पर लगाया है। रूसी रक्षा मंत्रालय ने ट्वीट कर कहा है कि यह ड्रोन अटैक यूक्रेन की तरफ से किया गया था। इस हमले पर रूस के रक्षा मंत्रालय की प्रतिक्रिया भी आ गई है। रूसी रक्षा मंत्रालय ने दावा किया है कि रूस के एयर डिफेंस सिस्टम ने कजान शहर के ऊपर एक यूक्रेनी ड्रोन को नष्ट किया है।



### घरों में लगी आग, बिल्डिंग से निकाले गए लोग

इस हमले पर रूस के रक्षा मंत्रालय की प्रतिक्रिया भी आ गई है। रूसी रक्षा मंत्रालय ने दावा किया है कि रूस के एयर डिफेंस सिस्टम ने कजान शहर के ऊपर एक यूक्रेनी ड्रोन को नष्ट किया है। वहीं, कजान के मेयर ऑफिस से रूसी मीडिया एजेंसी स्पुतनिक को बताया गया है कि ड्रोन हमले के कारण तीन जिलों, सोवेत्स्की, किरोव्स्की और प्रिवोलज्स्की में घरों में आग लग गई है। ड्रोन हमले के कारण जिन इमारतों में आग लगी है, वहां ऑपरेशनल सेवाएं जारी हैं। सभी जरूरी मदद मुहैया कराई जा रही है। बिल्डिंग से निकाले गए लोगों को भोजन और रहने के लिए शेल्टर दिए जा रहे हैं।

### खाली कराई गई आसपास की दूसरी इमारतें

रूस की तरफ से सामने आ रही जानकारी से कयास लगाए जा रहे हैं कि इन इमारतों में रहवासी रह रहे थे। इसलिए इस हमले में जनहानि की बात से भी इनकार नहीं किया जा रहा है। हालांकि, अब तक किसी की मौत के बारे में कोई भी जानकारी सामने नहीं आई है। किसी और हमले की आशंका के चलते एहतियात बरतते हुए आसपास की हाई राइज इमारतों को भी खाली करा लिया गया है।

### कजान में ही हुआ था 2024 का ब्रिक्स समिट

कजान शहर पर हुए इस हमले की इसलिए भी पूरी दुनिया में चर्चा हो रही है, क्योंकि इसी साल 2024 में रूस के इस शहर में ब्रिक्स सम्मेलन हुआ था। इस बार कजान में हुए 16वें ब्रिक्स सम्मेलन में पहली बार संयुक्त अरब अमीरात, ईरान, मिस्र और इथियोपिया को सदस्य के रूप में शामिल किया गया था। इस हमले को अमेरिका में हुए 9/11 (वर्ल्ड ट्रेड सेंटर) हमले की तरह ही बताया जा रहा है।

## भोपाल में आज का दिन 10 घंटे 42 मिनट, रात 13 घंटे 18 मिनट की

**भोपाल।** आज 21 दिसंबर का दिन वर्ष का सबसे छोटा दिन जबकि रात सबसे लंबी होने वाली है। आज सूर्य अपनी 6 माह की दक्षिण यात्रा का समापन करने जा रहा है। इसके बाद इसकी वापसी उत्तर की ओर यात्रा आरंभ होगी। विंटर सोलिस्टस की इस खगोलीय घटना की जानकारी देते खगोल मामलों की जानकार व विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने बताया कि सूर्य किरणें आज भारतीय समयानुसार दोपहर 2 बजकर 50 मिनट पर मकर रेखा पर लबंवत होने जा रही हैं। इसके बाद सूर्य की कर्क रेखा की ओर उत्तरायण यात्रा आरंभ होगी। इस खगोलीय घटना के कारण उत्तरी गोलार्द्ध के शहरों में आज दिन सबसे छोटा और रात सबसे लंबी होगी। भोपाल में आज का दिन 10 घंटे 42 मिनट का जबकि रात रात 13 घंटे 18 मिनट की होगी। सारिका ने बताया कि विगत 6 माह से उत्तरी गोलार्द्ध में अब तक सूर्य दक्षिण दिशा में जाता महसूस हो रहा था। अब यह उत्तर की और जाना आरंभ करेगा। वैज्ञानिक दृष्टि से देखें तो आज दोपहर 2 बजकर 50 मिनट के बाद सूर्य का उत्तरायण आरंभ हो जाएगा।

# आग ने लील लिया पूरा परिवार, चार की मौत

सच संवाददाता || देवास

मध्यप्रदेश के देवास जिले से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। शनिवार अल सुबह शहर के नयापुरा क्षेत्र के एक मकान में भीषण आग लगने से 4 लोगों की मौत हो गई है। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक ये घटना सुबह 4.30 बजे की है। हादसे में मरने वाले चार लोग एक ही परिवार के हैं। घटना की जानकारी लगते ही देवास नगर निगम की फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग को भारी मशक्त के बाद काबू में पाया।

हादसे में यहां रह रहे पति-पत्नी व दोनों बच्चों की मौत हो गई है।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक नयापुरा श्रेत्र के तीन मंजिला मकान में ये आग लगी और देखते-देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। इसी दौरान घर पर रखे सिलेंडर में भी ब्लास्ट हुआ और धमाके से पूरा इलाका गूंज उठा। धुएं और



धमाके की आवाज से आसपास के लोग भी जाग उठे और तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी। ताजा जानकारी है कि 3 घंटे की मशक्त के बाद आग पर काबू पाया जा सका। लेकिन इस हादसे में यहां रहने वाले दिनेश कारपेंटर (35), गायत्री कारपेंटर (30), इशिका (10) और चिराग (7) की मौत हो गई है।घटना की सूचना मिलते ही भारी पुलिस बल, जिला प्रशासन की टीमें और पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद भी मौके पर पहुंचे। आग पर काबू पाने के बाद रेस्क्यू टीमों ने अंदर जाकर देखा तो दिनेश कारपेंटर का पूरा परिवार मृत मिला। पुलिस का मानना है कि तेजी से फैली आग की वजह से सभी का अचानक दम घुट गया। हालांकि, पुलिस पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का भी इंतजार कर रही है।

# महाकालेश्वर मंदिर के अन्न क्षेत्र में मशीन से आलू छीलने के दौरान महिला की मौत

उज्जैन || एजेंसी



महाकालेश्वर मंदिर के अन्न क्षेत्र में आलू छीलने की मशीन पर काम करने के दौरान हादसा होने से हड़कंप मच गया। महिला मशीन पर काम कर रही थी कि अचानक उसकी चुनरी फंस गई। उसके चीखने की आवाज सुनकर काम कर रहे पुरुष व महिलाएं बचाने दौड़े लेकिन महिला रजनी खत्री की हालत गंभीर हो गई। महिला को तुरंत एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत के बाद मंदिर के अन्न क्षेत्र में गम का माहौल है।हादसे की सूचना पाते ही तहसीलदार और एसडीएम ने अस्पताल पहुंचकर मामले की जानकारी ली। एसडीएम के अनुसार घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरे भी जांचे जाएंगे। बता दें कि महाकालेश्वर मंदिर द्वारा श्रद्धालुओं के लिए संचालित इस अन्न क्षेत्र में सुबह से भोजन बनाने का काम होता है। हादसे के वक्त रजनी खत्री आलू छीलने की मशीन पर काम कर रही थी। अन्न क्षेत्र में और भी महिलाएं-पुरुष काम कर रहे थे। उन्होंने रजनी को बचाने की भरसक कोशिश की लेकन तब तक देर हो चुकी थी।हादसे की जानकारी मिलते ही महाकाल मंदिर की सुरक्षा एजेंसी के कर्मचारी, तहसीलदार और एसडीएम घटनास्थल पर पहुंचे और वहां मौजूद लोगों से पूरी जानकारी ली।

## सच-संक्षेप



### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कुवैत के लिए रवाना

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिन की कुवैत यात्रा पर हैं। यह यात्रा 43 साल बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली कुवैत यात्रा है। मोदी कुवैती नेताओं से बातचीत करेंगे, भारतीय श्रमिक शिविर जाएंगे, भारतीय समुदाय को संबोधित करेंगे और गल्फ कप फुटबॉल टूर्नामेंट के उद्घाटन समारोह में शामिल होंगे। इस दौरान रक्षा और व्यापार सहित कई अहम क्षेत्रों में संबंधों को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। भारत और कुवैत एक द्विपक्षीय निवेश संधि और रक्षा सहयोग समझौते पर भी बातचीत कर रहे हैं।

### सूरत में 8.57 करोड़ का सोना जब्त, दो हिरासत में

**सूरत।** गुजरात के सूरत में पुलिस ने दो लोगों से 8.57 करोड़ का 14.7 किलो सोना जब्त किया। दोनों को जांच के लिए हिरासत में लिया है। सहायक पुलिस आयुक्त पीके पटेल ने बताया, बृहस्पतिवार रात को सिमादा नाका जंक्शन पर हिरेन भट्टी और मंजी धमेलिया से यह बरामदगी की गई। पटेल ने कहा, हिरासत में लिए गए लोगों ने अपनी कमीज के अंदर 14.7 किलोग्राम वजन के आठ सोने के टुकड़े छिपा रखे थे।

### सुरक्षा बलों ने कई जगह चलाए तलाशी अभियान, दो पर शिकंजा

**इंफाल।** मणिपुर पुलिस ने चुराचांदपुर और इंफाल पश्चिम जिलों में अलग-अलग अभियानों के दौरान एक प्रतिबंधित संगठन के एक कैडर सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उनके पास से बड़ी मात्रा में हथियार और गोलाबारी सामग्री बरामद की। उन्होंने बताया कि प्रतिबंधित संगठन कांगलेईपाक कम्युनिस्ट पार्टी का गिरफ्तार सदस्य जबरन वसूली गतिविधियों में शामिल था।

### शिवसेना यूबीटी नेता संजय राउत के घर की रेकी

**मुंबई।** मुंबई महाराष्ट्र में शिवसेना यूबीटी के नेता संजय राउत के घर की रेकी करते हुए दो संदिग्ध देखे गए हैं, जिसके बाद राउत के घर की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। दरअसल संजय राउत के परिवार ने दावा किया है कि बाइक सवार दो लोगों ने उनके घर की रेकी की है। दोनों संदिग्ध सीसीटीवी फुटेज में भी कैद हुए हैं। फुटेज में दिख रहा है कि संदिग्धों ने हेलमेट और मास्क पहना हुआ है। साथ ही शिवसेना यूबीटी नेता के आवास के बाहर सुरक्षा व्यवस्था भी कड़ी कर दी गई है।

### दिल्ली विधानसभा चुनाव लड़ेंगे पांच पूर्व बस मार्शल

**नई दिल्ली।** कई महीनों तक लगातार विरोध प्रदर्शन के बाद दिल्ली के बस मार्शलों ने दिल्ली विधानसभा चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। बस मार्शल कई सीटों पर मुख्य पार्टियों के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे। पूर्व बस मार्शल जनहित दल के नाम से बनी पार्टी के बैनर तले चुनाव में उतरेंगे। पार्टी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर 6 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी की।पार्टी ने दावा किया है कि इन 6 उम्मीदवारों में पांच पूर्व बस मार्शल हैं।

## उत्तराखंड में फिर डोली धरती पिथौरागढ़ में भूकंप से सहमे लोग, 4.8 रिक्टर रही तीव्रता

**पिथौरागढ़।** उत्तराखंड में एक बार फिर से भूकंप के झटके महसूस किए गए। शनिवार तड़के उत्तराखंड के सीमांत जिले में भूकंप के झटके से धरती डोली। सुबह 4 बजे भूकंप का तगड़ा झटका महसूस किया गया। इससे लोगों में अफरा-तफरी मच गई और कड़ाके की ठंड के बीच लोग घरों से बाहर निकलकर सुरक्षित स्थानों पर चले गए। अभी तक कहीं से भूकंप से नुकसान की खबर सामने नहीं आई है।गौर हो कि सीमांत जनपद पिथौरागढ़ में भूकंप के झटके महसूस किए गए। लोगों को भूकंप के झटके महसूस होते ही हड़कंप मच गया और लोग घबराकर कड़ाके की ठंड में घरों से बाहर निकल आए। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी भूपेंद्र महर ने बताया कि नेपाल भूकंप का केंद्र था। इसकी तीव्रता 4.8 रिक्टर थी। जिले में इससे कहीं भी नुकसान नहीं हुआ है। बताया कि चंपावत समेत अन्य जिलों में भी झटके महसूस किए गए। अभी तक कहीं से भूकंप से नुकसान की सूचना सामने नहीं आई हैं। भूकंप का केंद्र नेपाल के जुम्ला जिले में धरती के अंदर 10 किमी की गहराई में था। हालांकि जिस वक्त भूकंप के झटके महसूस किए गए उस वक्त ज्यादातर लोग सो रहे थे।

# मोहन ने किया खेल चेतना मेला का शुभारंभ

किशोर जोशी || रतलाम

मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने आज रतलाम के नेहरु स्टेडियम में चेतन्य काश्यप फाउंडेशन एवं क्रीड़ा भारती द्वारा आयोजित 25वें खेल चेतना मेले का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि के रुप में सीएम डॉ. मोहन यादव ने समारोह के दौरान मार्च पास्ट की सलामी ली। खेलों के इस महाकुंभ के 18 खेलों में 10 हजार से अधिक विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं। इस अवसर पर फाउंडेशन अध्यक्ष, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य काश्यप, विशेष अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, सांसद अनिता चौहान एवं महापौर प्रहलाद पटेल सहित अन्य गणमान्य नागरिक, खिलाड़ी और बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे। खेल चेतना मेले के तहत नेहरू स्टेडियम में क्रिकेट, कबड्डी, खो-खो, टेबल टेनिस के मैच होंगे। साइंस, एंड आर्ट्स कॉलेज ग्राउंड में एथलेटिक्स एवं हॉकी, कालिका माता सत्संग हॉल में शरीर सौष्ठव, संत कंवरराम नगर क्रीड़ा केंद्र पर योग, मलखंब एवं स्केटिंग होगी। रेलवे ग्राउंड पर फुटबॉल, डीआरएम ऑफिस रेलवे ऑफिसर क्लब पर तैराकी, सीनियर रेलवे इंस्टीट्यूट पर बास्केटबॉल, व्हालीबॉल एवं बेडमिंटन होगा। लॉ कॉलेज में शतरंज और स्टेशन रोड पर शूटिंग की स्पर्धा होगी।



## शीतलहर का प्रकोप जारी आंध्र और ओडिशा में भारी बारिश को लेकर अलर्ट

**नई दिल्ली।** उत्तर भारत में ठंड का कहर शुरू हो गया है। देश के कई हिस्सों में शीतलहर का प्रकोप जारी है। घना कोहरा और तापमान गिरने से लोगों को ठिठुरने पर मजबूर कर दिया है। पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी से मैदानी इलाकों में ठंड बढ़ गई है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली, यूपी, पंजाब, हिमाचल, हरियाणा, राजस्थान, बिहार और झारखंड में ठंड का कहर जारी है। इस बीच मौसम विभाग ने ओडिशा और आंध्र में बारिश का अनुमान जताया है। आईएमडी का पूर्वानुमान है कि अगले 24 घंटों में कम दबाव का क्षेत्र उत्तर की ओर बढ़ेगी जिसके परिणामस्वरूप दोनों राज्यों में हल्की से मध्यम बारिश होगी। शनिवार से अलग-अलग क्षेत्रों में भारी बारिश की संभावना है।पश्चिमी और मध्य बंगाल की खाड़ी में तूफान जैसी स्थिति की चेतावनी जारी की गई है। इसकी गति 45-55 किमी प्रति घंटा तक पहुंचने की उम्मीद है। ये 65 किमी प्रति घंटा तक बढ़ सकती है जो 23 दिसंबर की सुबह तक जारी रहेगी। आंध्र प्रदेश और उत्तरी तमिलनाडु के तटों पर हवा की गति थोड़ी कम यानी 40-50 किमी प्रति घंटा हो सकती है जो 60 किमी प्रति घंटा तक बढ़ सकती है। मौसम विभाग का कहना है कि अगले दो दिनों तक उत्तर पश्चिम भारत में न्यूनतम तापमान में खास बदलाव नहीं आएगा।

**उपलब्धि** || राम जन्मभूमि के निर्माण में लगभग 15 लाख क्यूबिक फीट पत्थरों का उपयोग

# राम मंदिर निर्माण में बना मानव श्रम का रिकॉर्ड

अयोध्या || एजेंसी

राम जन्मभूमि के निर्माण में लगभग 15 लाख क्यूबिक फीट पत्थरों का उपयोग किया जा रहा है। इसमें मंदिर निर्माण में 15 लाख मिलियन घंटे से भी अधिक का मानव श्रम लगा है, जो कि अपने अपने आप में एक रिकार्ड है।उत्तर भारत के नागर शैली की परंपरा में राम मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। इसका क्षेत्रफल 380 फीट लम्बाई, 250 फीट चौडाई और उंचाई 161 फीट है। मन्दिर में 392 स्तम्भों एवं 44 कपाटों वाला पूर्वाभिमुखी मंदिर है। इसके मुख्य



सिंहद्वार पर 32 सीढ़ियां है। जिसे राजस्थान के बंशी पहाड़पुर पत्थरों से बनाया जा रहा है।

पांच मण्डप वाला श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर हैं। जिसमें नृत्य मंडप,रंग मंडप,सभा मंडप, प्रार्थना मंडप और कीर्तन मंडप का निर्माण किया गया है। इसके साथ मंदिर के ही पास में एक ऐतिहासिक कुआं सीता कूप है। 70 एकड़ के परिसर ने दक्षिणी पश्चिमी कोने की ओर कुबेर टीला है। इस पर गीधराज जटायु की मूर्ति स्थापित की गई है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि मन्दिर की नींव चौदह मीटर मोटी सीमेंट की परतों वाली है। जो मजबूत चट्टान का आभास देती है। पूरे निर्माण में कहीं लोहे का प्रयोग नहीं है। धरती की नमी से रक्षा के लिए इक्कीस फीट ऊंचा प्लिन्थ ग्रेनाइट इस्तेमाल किया गया है। राम मन्दिर का सीवेज और पानी का अपना ट्रीटमेंट प्लांट है। आग पर नियंत्रण के लिए अपनी जल आपूर्ति प्रणाली है। साथ ही मन्दिर परिसर के लिए पावर स्टेशन का भी निर्माण किया गया है।

### परमात्मा की कृपा से सब अच्छा हो रहा

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय के मुताबिक प्रतिदिन हजारों श्रद्धालुओं के आवागमन के बीच निर्माण में निरन्तरता सामान्य नहीं है। लेकिन, इसको लेकर शुरु से ही सावधानी रखी गई है। परमात्मा की कृपा से सब अच्छा-अच्छा हो रहा है। टाटा कंसल्टिंग इंजीनियर्स के सहयोग से मंदिर निर्माण के लिए उत्तरदायी एजेंसी लार्सन एंड टुब्रो को नेशनल सेफ्टी काउंसिल ने गोल्डन ट्रॉफी भी प्रदान की है। एक महत्वपूर्ण उपलब्धि यह भी रही कि 500 साल के संघर्ष के बाद प्रारम्भ हुए मन्दिर निर्माण में 15 लाख मिलियन घंटे से भी अधिक का मानव श्रम अपने आप में रिकार्ड बन गया है।

### पन्ना के श्री जुगल किशोर मंदिर को मिला 'ईट राइट भोग स्थल' प्रमाण पत्र

**पन्ना।** भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण नई दिल्ली ने मध्यप्रदेश के पन्ना जिले के श्री जुगल किशोर मंदिर को 'ईट राइट भोग स्थल प्रमाण पत्र से सम्मानित किया है। यह प्रमाणन मंदिर परिसर के प्रसाद और खाद्य सामग्री की गुणवत्ता, स्वच्छता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रदान किया गया है। बता दें कि ये प्रमाण पत्र मिलना खुद में एक बड़ी उपलब्धि है। 'ईट राइट भोग स्थल प्रमाण पत्र एफएसएसएआई की एक खास पहल है, जिसमें पूजा स्थलों पर उच्च गुणवत्ता वाले और सुरक्षित खाद्य पदार्थों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाती है।